तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल देश के नागरिकों के सपनों का ...



12 साहू संघ के भूमिपूजन और लोकार्पण समारोह में ...



## खबर संक्षेप

### बांग्लादेशी व रोहिंग्या की सर्चिंग तेज 61 संदिग्धों के लिए गए फिंगर प्रिंट

**भिलाई।** अवैध रूप से दुर्ग जिले में रह रहे बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान के लिए पुलिस ने सर्चिंग तेज कर दी है। पुलिस लगातार ऐसे लोगों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। बुधवार की सुबह विशेष टीम बनाकर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में चेकिंग की गई। इसमें पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धमधा के नेतृत्व में थाना प्रभारी नंदनी नगर, धमधा के साथ पुलिस की टीम बनाकर नंदनी टाउनशिप, वार्ड 7 के निवासियों के 263 लोगो की जांच की गई। इसमें 35 संदिग्धों के फिंगर प्रिंट लिए गए। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि गयानगर दुर्ग में एसएसपी विजय अग्रवास के नेतृत्व में थाना प्रभारी दुर्ग, पद्मनाभपुर, भिलाई नगर,सुपेला के साथ अलग-अलग टीम बनाकर चेकिंग की गई।

### बड़े भाई की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** संपत्ति विवाद के बाद छोटे भाई ने अपने ही सगे बड़े भाई को टंगिया से सिर पर वार कर मंगलवार की रात मौत के घाट उतार दिया। मामले में पुलिस ने छोटे भाई को गिरफ्तार किया है। आरोपी भाई के खिलाफ पुलिस ने धारा 13 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि वार्ड 39 दलबीर भवन के सामने नंदनी रोड सुभाष नगर निवासी रजेन्द्र सिंह 53 वर्ष का शव घर पर ही खून से सना मिला। पुलिस में घटना की शिकायत वंशुल सिंह ने पुलिस से की थी।

## गोरखधंधा : पांच से 20 प्रतिशत मासिक ब्याज पर बांट रहे हैं कर्ज

# जिले के कई शहरों में बिना लाइसेंस की सूदखोरी चरम पर, प्रशासन मूक दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के बेमेतरा शहर, नवागढ़, साजा, बेरला और बेमेतरा ब्लॉक में रायपुर की तर्ज पर सूदखोरी का जाल बिछा कर करोड़ों के आसामी बन चुके हैं। कई घर जहां बर्बाद हो चुके हैं वही कई परिवार बर्बादी की कगार पर खड़े हैं।

ये सूदखोर बिना किसी वैध लाइसेंस के लोगों को 5 से 20 प्रतिशत मासिक ब्याज पर कर्ज बांट रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तबका मजबूरी में इनके पास पहुंच रहा है और फिर कर्ज के जाल में फँसता चला जा रहा है। लेकिन रायपुर औरर कवर्धा में महिला सूदखोर पर पुलिस की कार्रवाई से शहर में इन सूदखोरों से परेशान ओर पीड़ित लोगों में हौसला बढ़ा है । कई पीड़ितों ने हरिभूमि से बताया कि अगर रायपुर ओर कवर्धा पुलिस की तरह यह की पुलिस कारवाई करती है तो दर्जनों परिवार भी अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। बहरहाल मजबूरी की वजह से सूदखोरों की जकड़ आए कई परिवारों बताया कि इन सूदखोरों ने मोटा ब्याज वसूलने के बाद भी भविष्य के लिए रखे जमीन को भी अपने नाम कर लिए हैं। राजनीतिक पहुंच और पैसे के दम इनके ऊपर कोई कारवाई नहीं होती । शहर से लेकर जिले के अन्य जगहों पर कौन सूदखोर है ये सभी प्रशासनिक अधिकारियों को पता है लेकिन जिस प्रकार से सरकार अन्य जिलों में कारवाई कर रही है इससे उम्मीद जगी है कि यह भी कारवाई जारी होगी ।

## सूदखोरों के अतंक से गरीब ऋणी हैं बेहाल पर आज तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई

### नोटबंदी और लॉकडाउन के बाद बढ़ा ऋण का कारोबार

स्थानीय लोगों के अनुसार, 2016 की नोटबंदी और 2020 के लॉकडाउन के बाद स्थानीय बैंकिंग व्यवस्था प्रभावित हुई। गरीब तबका जब बैंक से कर्ज नहीं ले सका, तब उसने सूदखोरों की शरण ली। तब से लेकर आज तक यह कर्ज कारोबार अनियंत्रित होता चला गया।




### पीड़ितों ने किया खुलासा

जिले में लंबे समय से सूदखोरों के आतंक को लेकर लोग भले ही खामोश रहे हों, लेकिन अब धीरे-धीरे चुप्पी टूट रही है। उधार के डर, सामाजिक बदनामी और धमकियों के कारण जो लोग अब तक सामने नहीं आ पा रहे थे, वे अब प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। हाल ही में कुछ ग्रामीणों ने साहूकारों द्वारा किए गए शोषण की शिकायत थाना में दी है। इससे प्रशासन हरकत में आया है और कुछ अवैध सूदखोरों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### गरीबों के लिए बन चुका है मानसिक यातना

शहर के बाजार पारा निवासी चमेली बाई,नवागढ़ निवासी प्रमिला बाई (परिवर्तित नाम) बताती हैं कि बेटी की शादी के लिए 30 हजार रुपए एक साहूकार से लिए थे, अब तक 90 हजार रुपए ब्याज चुका चुके हैं, मूलधन बाकी है। अब वो मकान गिरवी रखने की धमकी दे रहे हैं। ऐसे मामले सैकड़ों की संख्या में हैं, जो थाने तक नहीं पहुंचते। सामाजिक दबाव और बदनामी के डर से लोग चुपचाप सूदखोरों की शर्तें मानते रहते हैं।

### प्रशासन की नाकामी पुलिस के पास नहीं कोई रिकॉर्ड

बेमेतरा पुलिस के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अधिकतर सूदखोर अवैध रूप से पैसे का लेन-देन करते हैं। न तो उनके पास मनी लेंडिंग लाइसेंस होता है और न ही कोई कागजी रिकॉर्ड। इसलिए उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई करना मुश्किल होता है, जब तक कि पीड़ित लिखित में शिकायत न करे। राजस्व विभाग, जिला पंचायत, और पुलिस प्रशासन की संयुक्त जिम्मेदारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस सर्वे या अभियान नहीं चलाया गया है।

### कानून क्या कहता है?

छत्तीसगढ़ मनी लेंडिंग एक्ट, 1934 के तहत बिना लाइसेंस के ब्याज पर पैसा देना गैरकानूनी है। दोषी पाए जाने पर जुर्माना और जेल दोनों का प्रावधान है। लेकिन इस कानून का पालन शायद ही कभी होता है।

**राजनीतिक संरक्षण का भी आरोपः** कुछ ग्रामीणों का कहना है कि कई सूदखोर स्थानीय रसूखदारों और जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में काम कर रहे हैं। इसलिए इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती।

# कांग्रेस ने युक्तियुक्तकरण के विरोध में बीईओ कार्यालय का किया घेराव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

कांग्रेस ने शिक्षकों के युक्तिकरण के विरोध में गुरुवार बीईओ कार्यालय का घेराव करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया गया । इस प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा शामिल हुए। विरोध प्रदर्शन के पश्चात बेरला कांग्रेस कमेटी ने तहसीलदार को एक ज्ञापन भी सौपा गया जिसमें स्कूलों समावेश कर शिक्षकों के युक्तिकरण पर आपत्ति जताई । इस दौरान पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार एक नए स्कूल तो खोल नहीं सक रही है ऊपर से खुले हुए स्कूलों को बंद करने का काम भाजपा शासन में किया जा रहा है। युक्तिकरण के नाम पर शिक्षा के अधिकार का खुला उल्लंघन भाजपा सरकार के द्वारा किया जा रहा है, युक्तिकरण के नाम पर जहां प्रदेश सरकार 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही है वही 50 हजार शिक्षकों की भर्ती अब छत्तीसगढ़ प्रदेश में नहीं होगी ।

- भाजपा सरकार युक्तिकरण के नाम पर शिक्षा के अधिकार का कर रही है खुला उल्लंघन : छाबड़ा

### रसोइया और स्वीपर के पद होंगे समाप्त

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा युक्तिकरण से जहां शिक्षक प्रभावित होंगे वही बंद होने वाली शालाओं में काम करने वाले स्वीपर के पद भी समाप्त होंगे इन स्कूलों में कार्यरत रसोईया के पद भी समाप्त होंगे इन स्कूलों में मध्यान भोजन संचालन करने वाली महिला स्वास्थ सहायता समूह के हाथों से काम छिनने जा रहा है अगर देखा जाए तो युक्तिकरण भाजपा सरकार की ग्रामीण अंचलों में खोले गए स्कूल को बंद करके लोगों को फिर से आदम युग में ले जाने की शुरुआत कहा जा सकता है । पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया कि युक्तिकरण के नाम पर बीईओ कार्यालय द्वारा शिक्षकों की गलत सूची तैयार की गई थी कई स्कूलों में सीनियर शिक्षकों को अतिशेष दिखाया गया है जबकि जूनियर को यथावत रखा गया है विकलांग शिक्षकों को भी युक्ति युक्तकरण सूची में दिखाया गया है युक्ति युक्तकरण के नाम पर महिला शिक्षकों के साथ बहुत ही गलत किया गया है उन्हें उनकी शालाओ से हटकर दूरस्थ स्कूलों में पदस्थापना दी जा रही है प्रदेश की साय सरकार ▶▶| शेष पेज 12 पर



# टाउनशिप में डेंगू, मलेरिया व डायरिया रोकने के लिए बनी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में जलजनित बिमारी को लेकर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा आयुक्त कक्ष में बैठक ली गई। जिसमें जलजनित एवं मौसमी बिमारी को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे एवं बीएसपी के अधिकारियों को निगम के टाउनशिप क्षेत्र में आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए अग्रिम तैयारी कराए जाने, बैक लाइन की सफाई, पुराने एवं जर्जर भवनों में जल भराव के समस्याओं को दूर करने के संबंध में निर्देश दिए । जिससे वर्षा का पानी भराव एवं बैकलाइन के अस्वच्छता से डायरिया, मलेरिया, डेंगू एवं अन्य जलजनित बीमारियों से बचा जा सकें।

आयुक्त पाण्डेय के निर्देश पर वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह द्वारा अपने दल के साथ वार्ड 32 बैकुंठधाम, कुम्हारपारा में जल जनित रोग दस्त, उल्टी-दस्त से बचाव के लिए निगम का विशेष दस्ता 42 घरों में संपर्क कर 194 सदस्यों से आवश्यक पूछताछ की। वर्तमान में दस्त-उल्टी-दस्त के केस नहीं पाए गए। सभी सर्वेक्षित घरों में पानी उबालकर, ठंडा कर सेवन करने एवं बाजार के अस्वास्थ्यकर बासी एवं सड़े गले फल सब्जी का सेवन नहीं करने संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। सभी सर्वेक्षित 42 घरों में जल शुद्धिकरण हेतु 500 नग क्लोरीन टेबलेट वितरण कार्य किया गया।

## बीएसपी, निगम व जिला स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक

### बीएसपी कराएगा 120 स्वच्छता कर्मी

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा डेंगू की रोकथाम हेतु घर-घर सर्वे किए जाने हेतु जन जागरूकता लाने 120 स्वच्छता कर्मचारी उपलब्ध कराने जिसका भुगतान भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया जावेगा। भुगतान श्रम आयुक्त के दर पर बीएसपी द्वारा किया जाएगा। भिलाई इस्पात संयंत्र की मकानों के बैकलेन की साफ-सफाई, कचरा कलेक्शन हेतु वाहन एवं अन्य संसाधन भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया जाएगा। साथ ही बीएसपी के पुराने बिल्डिंग जहां पर जल भराव की स्थिति निर्मित हो रही है, उसको तोड़ने की कार्यवाही के लिए आयुक्त से मांग की गई है। जिससे छत पर जलभराव से जलजनित बीमारी फैलने की ज्यादा संभावना बनी हुई है। उसको रोकने के सुगम उपाय किया जावे।




### ये अधिकारी हुए शामिल

समीक्षा बैठक के दौरान बीएसपी महाप्रबंधक के. के. यादव, वरिष्ठ प्रबंधक रमेश गुप्ता, सहायक प्रबंधक देवानंद चौहान, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही. के. सामुएल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर 13 और 14 को

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर 13 और 14 जून को दो दिवसीय जागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। दिनांक 13 जून चिकित्सालय के ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर व 14 जून को ब्लड ट्रांसफ्यूजन अपडेट शीर्षक पर आधारित एक सतत चिकित्सीय शिक्षा कार्यक्रम (सी एस ई) आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक रविंद्रनाथ एम,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेंद्र ठाकुर, डां. विनीता द्विवेदी, डां. उदय कुमार डां. सौरव मुखर्जी ड. मनीषा कांगो, एसीएमओ एवं प्रभारी, कंसल्टेंट राजू भैसारे, गुरमीत सिंह, डां.प्रिया साहू, कंसल्टेंट डां. प्रतीक शिवप्पा तथा कंसल्टेंट व डां. दीपक दाशमोहापत्र उपस्थित रहेंगे। सीएसई कार्यक्रम में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स गुवाहाटी से डां. गोपाल कृष्ण राय व बाल्को मेडिकल सेंटर, रायपुर से डां. नीलेश जैन व्याख्यान देंगे।

### अवैध निर्माण रोकने की मांग

**भिलाई।** जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार भिलाई के वार्ड 40 अंकुश चौक निवासी चंद्रशेखर तिवारी ने अपने मकान के दीवार किनारे निकासी नाली का अवैध निर्माण की शिकायत भिलाई निगम में की है। उनकी शिकायत है कि इससे उनके दीवार में सीपेज आ रही है और यह गिर सकता है। दीवार से सटाकर अबरार खान नामक व्यक्ति द्वारा मकान बनाया जा रहा है। इसके लिए मेरे दीवार को छील दिया गया है। इसलिए दुघर्टना की आशंका है।

### सलाहकार समिति में सुनी और शंकर बने सदस्य

**भिलाई।** रेलवे द्वारा रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति की सूची जारी की गई। पावर हाउस रेलवे स्टेशन के लिए उपभोक्ता सलाहकार समिति सूची में शंकर सचदेव और सुनील मिश्रा को सदस्य बनाया गया है। उनके अलावा शिरीष अग्रवाल, अंजन कुमार द्विवेदी एवं विष्णु चंद्राकर को भी शामिल किया गया है। सलाहकार समिति रेलवे को पावर हाउस रेलवे स्टेशन व रेलवे से जुड़े सुझाव व सलाह दे सकेगी। सुनील मिश्रा व शंकर सचदेव ने बताया कि बतौर सलाहकार समिति सदस्य हम सभी सदस्यों का प्रयास होगा कि शहर के रेल यात्रियों की सुविधाओ व समस्याओ को रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर निराकरण का प्रयास करना व स्टेशन में सुविधाओं पर अपने सुझाव प्रेषित करना व सुविधाओं को बढ़ाना।

आयोजन : विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

# साहू संघ के भूमिपूजन और लोकार्पण समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का मेडल व प्रशस्ति पत्र से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विधानसभा अंतर्गत बेरला नगर पंचायत के कर्मा भवन परिसर में गुरुवार तहसील साहू संघ, बेरला द्वारा भूमि पूजन, लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक दीपेश साहू रहे , विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक ताराचंद साहू (पूर्व अध्यक्ष, ह.शि.बो.) उपस्थित रहे।

■ विशिष्ट अतिथि दीपक ताराचंद साहू रहे मौजूद

कार्यक्रम की शुरुआत भक्त माता कर्मा जी की पूजा-अर्चना के साथ की गई, जिसके उपरांत अतिथियों का पुष्पहार, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले तहसील साहू संघ के सामाजिक भवन का विधिवत भूमि पूजन किया गया एवं नवनिर्मित सामाजिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर साहू समाज के विभिन्न स्कूलों के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संघ के अध्यक्ष सूर्यकांत साहू ने अपने 6 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को मंच से साझा किया।

**साहू संघ का कार्य है प्रदेश में उल्लेखनीय :** कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा – बेरला तहसील साहू संघ ने बीते छह वर्षों में जो कार्य किए हैं, वह पूरे प्रदेश में एक मिसाल है। उन्होंने आगे कहा –जिस तरह से अध्यक्ष ने निःस्वार्थ भाव से समाज के हर वर्ग—युवा, महिलाएं, छात्र-छात्राएं, बुजुर्ग और बेरोजगार युवाओं—को जोड़ने का कार्य किया है, वह न केवल बेमेतरा बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए अनुकरणीय है। मैं जब यह देखता हूं कि आज साहू समाज के बच्चे 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में प्रदेश स्तर पर टॉप कर रहे हैं, तो गर्व होता है कि हम केवल भवन नहीं बना रहे, हम भविष्य गढ़ रहे हैं।

ये नौनिहाल ही कल के डॉक्टर, इंजीनियर, अधिकारी और नेता होंगे।" उन्होंने आगे बताया कि समाज की विभिन्न योजनाओं—जैसे निशुल्क कोचिंग कंप्यूटर क्लास, सिलाई मशीन वितरण, सामूहिक विवाह, कार्यक्रम आदि—ने जिस व्यापक स्तर पर लोगों को जोड़ा है, वह अन्य समाजों के लिए उदाहरण है। बेरला में जो 16 व्यावसायिक दुकानों का निर्माण कर युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया है, वह पूरे छत्तीसगढ़ में किसी सामाजिक संगठन द्वारा किया गया अनूठा कार्य है। यह समाज के लिए आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का प्रतीक है।" आज का दिन केवल एक सामाजिक भवन के भूमि पूजन या लोकार्पण तक सीमित नहीं है, यह दिन उस सोच, उस संगठित प्रयास, और उस सामाजिक जागरूकता का परिणाम है, जिसे तहसील साहू संघ, बेरला ने पिछले छह वर्षों में मजबूत नींव देकर आगे बढ़ाया है।"मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि मेरी जीत, मेरी पहचान केवल एक राजनीतिक दल की जीत नहीं है, यह पूरे साहू समाज और और सर्व समाज की जीत है। कार्यक्रम को दीपक ताराचंद साहू ,थानेश्वर साहू ने भी संबोधित किया।

### कार्यक्रम में शामिल हुए

इस दौरान समाज के जिला अध्यक्ष गैदा राम साहू सूर्यकान्त साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ बेरला, सुरितराम साहू ,सरस्वती साहू , बिसौहा साहू , सुशील साहू ,भीखू राम साहू ,कमल किशोर ,अमर सिंग,राजेश साहू अरुण साहू मनहरण साहू ,संतोष साहू संचालक सतानंद साहू शिक्षक भुवन साहू शिक्षक, कुशल साहू,सुरेश साहू- चित्ररेखा साहू, सावित्री साहू मंजु साहू कविता साहू, ममता साहू केहर साहू देवेंद्र भारती शिक्षक सहित साहू समाज के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल 14 को होगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**बेमेतरा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन जिला अस्पताल में किया गया है यह रक्तदान शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत ध्रुव, सिविल सर्जन डॉक्टर लोकेश साहू के मार्गदर्शन में रखा गया है विश्व रक्तदाता दिवस पर इस वर्ष का थीमः /"रक्त दीजिए, आशा दीजिए - मिलकर जीवन बचाएं है। विभाग ने आमजनों से कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के दिन हम यह संकल्प ले कि रक्तदान करें और *दूसरों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित और जागरूक करें ।




रक्तदान के लिए जिला अस्पताल में तैयारी पूर्ण कर ली गई है। ज्ञात हो कि लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं रेडक्रास सोसायटी द्वारा वर्ष 2005 से प्रति वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस आयोजित किया जाता है। यह भी उल्लेखनीय है कि 18 वर्ष से अधिक आयु एवं 45-50 किलो ग्राम से अधिक वजन वाले व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। स्वास्थ्य जांच के उपरांत किसी भी प्रकार का रोग नहीं पाए जाने पर ही रक्तदान किया जा सकता है। रक्तदान से 24 घण्टे पूर्व से ही शराब, धूम्रपान एवं तम्बाकू के सेवन नहीं करना चाहिए।

**रक्तदान के निम्न फायदे :** रक्तदान करने से रक्तदाता को आत्म संतुष्टि होती है। नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है । ब्लड प्रेशर सामान्य रहता है । कैंसर जैसे घातक रोगों के होने का खतरा कम रहता है। हार्ट अटैक की संभावना में 90% की कमी होती है। नए ब्लड सेल्स बनने लगते हैं। मोटापे से बचाव,लीवर स्वस्थ रहता है । कोलेस्ट्रोल का लेवल संतुलित रहता है मेंटल हेल्थ अच्छी रहती है। रक्तदान से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होती है। तीन माह के अंतराल में पुरुष ,चार माह के अंतराल में महिला रक्तदान कर सकती है जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड़ एवं चिकित्सा अधिकारियों ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में आकर रक्तदान करें, ताकि आपात स्थितियों में किसी जरूरतमंद इंसान को रक्त देकर सहायता की जा सके। साथ ही जिला अस्पताल बेमेतरा में विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान करने वाले स्वैच्छिक रक्तदाता को सम्मानित किया जाएगा। ब्लड बैंक परामर्शदाता कुलेश्वरी साहु ने जानकारी दी कि 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल बेमेतरा में रक्तदान करने वाले स्वैच्छिक रक्तदाता पंजीयन ओर अधिक जानकारी के लिए कार्यालय समय संपर्क किया जा सकता है।

# किरीतपुर के युवा शिविर में 8 राज्यों के युवा हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम किरीतपुर स्थित मानव तीर्थ में मध्यस्थ दर्शन सह अस्तित्ववाद पर आधारित परिवार व्यवस्था मे जीने के अध्ययन और अभ्यास के लिए 10 दिवसीय 3 जून से 12 जून तक युवा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे देश भर के 18 से 30 वर्ष के युवाओं ने भाग लिये । मानव तीर्थ का यह युवा शिविर10 वां कैप रहा, इस शिविर में 70 प्रतिभागीशामिल रहे । 8 अलग-अलग राज्यो से जिसमे गुजरात, महाराष्ट्र,मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बिहार, झारखंड और उत्तरप्रदेश, दिल्ली आदि राज्यों से युवा शामिल हुए। इस शिविर (यूथ कैंप) का उद्देश्य परिवार व्यवस्था मे जीने की समझ के लिए जीवन विद्या के परिचय शिविर के लिए किया गया। युवाओं को मानव तीर्थ में हो रहे अध्ययन और अभ्यास का भास हो, युवाओं के मुद्दों पर चर्चा जैसे विवाह, करियर, पहचान, संबंध जो आज के समय में एक महत्वपूर्ण विषय है। साथ ही युवाओं में मंगल मैत्री स्थापित करना तथा निश्चित व व्यवस्थित दिनचर्या का अनुभव करवाना ही इस कैंप का मुख्य उद्देश्य रहा।

### निगम में कमीशनखोरी खत्म, हल्लेबाजों को विधायक देवेंद्र दे रहे समर्थनः अरोरा

**भिलाई।** भाजपा नेता व पूर्व सभापति राजेन्द्र अरोरा ने कांग्रेस पार्षदों के अनिश्चितकालीन धरना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 14 से 18 प्रतिशत कमीशन लेने का आदि हो चुके कांग्रेस के नेताओं को नगर निगम कार्यप्रणाली पसन्द नहीं आ रही है।

कांग्रेस के शासनकाल में एकल पद्धति भ्रष्टाचार चलाने वाले विधायक ,पूर्व महापौर देवेन्द्र यादव के मुंह से ईमानदारी की बात अच्छी नहीं लगती। 2018 के बाद कांग्रेस की शासनकाल के दौरान पूरे 5 साल नगर निगम में व्याप्त गड़बड़ी और अनियमितता चरम सीमा पर थी। खुले तौर पर 14 से 18 प्रतिशत कमीशन ठेकेदारों से वसूला जा रहा था। नगर निगम की सम्पत्तियों को बेचकर अवैध उगाई की गई। कांग्रेस की शासनकाल में आम जनता की सुनवाई नही थी, भाजपा की सरकार बनने के बाद ही नगर निगम की प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त हुई है।

# सीएमएचओ बसोड़ ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सीएमएचओ जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड़ जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण में पहुंचे जहां उन्होंने एम सी एच बिल्डिंग में प्रसव कक्ष, एन आर सी, एस एन सी यू, डायलिसिस वार्ड , सोनोग्राफी सेवाएं का निरीक्षण किया,अस्पताल में डायरिया नियंत्रण भर्ती वार्ड, आईसीयू , पैथोलॉजी लैब ,किचन,स्टोर रूम में दवाई आवश्यक उपकरण उपलब्धता आदि की जानकारी लेते हुए कोविड जांच, भर्ती सुविधा, वेंटिलेटर, बेड की उपलब्धता,ऑक्सीजन सप्लाई प्रबंधन की तैयारी का जायजा लिया साथ में 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस की तैयारी हेतु ब्लड बैंक का निरीक्षण कर आवश्यक तैयारी हेतु दिशा निर्देश दिया,इस अवसर पर डॉक्टर स्टॉफ की उपस्थिति,सफाई व्यवस्था के साथ मरीजों के लिए पेयजल व्यवस्था की भी जानकारी लिए,अंत में सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू,अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु के साथ बैठक लेकर व्यवस्था के साथ आवश्यक बिस्तर तैयारी मास्क, सेनेटाइजर, पी पी ई किट , कोविड जांच किट,दवाई आदि उपलब्धता के निर्देश दिए।

अभा हड़ताल व लेबर कोड केंद्रित कार्यक्रम में बोले सीटू महासचिव तपन सेन

# कॉरपोरेट्स की तानाशाही है श्रम संहिताएं, मजदूरों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



हिंदुस्तान स्टील एम्प्लॉइज़ यूनियन, भिलाई (सीटू) द्वारा आयोजित चारों श्रम संहिताओं का कर्मियों पर प्रभाव और 9 जुलाई की हड़ताल के महत्व पर कार्यक्रम में बोलते हुए सीटू के राष्ट्रीय महासचिव तपन सेन ने कहा है कि चार श्रम संहिताएं कॉरपोरेट घरानों की सामूहिक तानाशाही थोपने का माध्यम है। केंद्र सरकार द्वारा अन्य 25 कानूनों के साथ 2021 की मानसून सत्र में आनन फानन में 2 दिनों में पारित करवाए गए 3 श्रम संहिताएं और 2020 की शीत सत्र में पारित करवाया गया वेतन संहिता वास्तव में उद्योगों में कॉर्पोरेट घरानों की सामूहिक तानाशाही थोपने की प्रक्रिया से मजदूर वर्ग के हितों पर कुठाराघात होगा।

सीटू कार्यालय भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में श्री सेन ने कहा कि भाजपा राज्यों के साथ गैर भाजपाई राज्यों कर्नाटक , तमिलनाडू, तेलंगाना आंध्र प्रदेश की सरकारों ने इन श्रम संहिताओं के श्रमिक विरोधी प्रावधानों को नोटिफाई करना शुरू कर दिया है। कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा 12 घंटे का कार्य दिवस एवं महिलाओं को रात्रि पाली में कार्य करने की नियोक्ताओं को अनुमति देने से संबंधित अधिसूचना जारी करने के बाद 1200 उद्योगों के कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी थी जिसके परिणाम स्वरूप वहां के उद्योगपतियों ने लिखित में कर्मियों के यूनियनों के साथ यह समझौता किया कि भले ही सरकार ने नोटिफाई कर दिया है । लेकिन हम इसे लागू नहीं करेंगे। तमिलनाडू सरकार द्वारा स्थाई आदेश में संशोधन कर स्थाई कर्मियों के स्थान पर अप्रेंटिस की नियुक्ति करने के प्रावधान की अधिसूचना जारी कर दिया है। आंध्र प्रदेश व तेलंगाना की सरकारों ने भी 12 घंटे का कार्य दिवस से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके खिलाफ वहां के कर्मी संघर्ष कर रहे हैं।

### छग में जल्द नोटिफाई हो सकते हैं लेबर कोड

इस अवसर पर सीटू के छग राज्य कार्यकारी अध्यक्ष एसपी डे ने कहा कि 25 जून 2021 को छत्तीसगढ़ में तत्कालीन कांग्रेस की राज्य सरकार द्वारा चारों श्रम संहिताओं से संबंधित नियम प्री पब्लिश कर दिया गया है । वर्तमान राज्य सरकार द्वारा किसी भी समय इसे अधिसूचित किया जा सकता है। सीटू नेता ने कहा कि कमर्शियल माईनिंग सफल नहीं होने के कारण अब सरकार एमडीओ मॉडल के तहत राष्ट्रीय हितों को ताक पर रख कर कॉर्पोरेट घरानों को प्राकृतिक संसाधनों पर अपना कब्जा करने की छूट दे रही है। एमडीओ मॉडल में सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा तैयार किया हुआ माइंस को मुफ्त में देकर अकूत मुनाफा कमाने की छूट देने का प्रावधान लाया गया है।सीटू नेता ने कहा कि नक्सली ऑपरेशन में मारे गए कथित नक्सलियों तथा आदिवासियों के शव को परिजनों को नहीं सौंपना किसी भी सभ्य समाज में यह स्वीकार नहीं किया जा सकता है। नक्सली उन्मूलन के नाम पर सरकार की योजना वन अधिकार कानून के तहत आदिवासियों को प्राप्त अधिकार से उन्हें वंचित रखना तथा वन से बेदखल करना है।

पेज 11 के शेष

### रसोइया और स्वीपर ....

और उसके जनप्रतिनिधि छत्तीसगढ़ में शिक्षा को बढ़ावा नहीं देना चाहते भाजपा की साया सरकार का पूरा ध्यान प्रदेश को शराब के नशे में डुबोने में लगे हुए है शिक्षा के मंदिरों को बंद करके नई शराब दुकान खोलना यही बीजेपी की पहचान है ।

**घेराव प्रदर्शन में इनकी रही मौजूदगीः** बीईओ कार्यालय का घेराव करने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ललित विश्वकर्मा,अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला रामेश्वर,जनपद अध्यक्ष बेरला माधुरी रवि परगनिहा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला शुभम वर्मा नगर पंचायत कुसमी अध्यक्ष चंद्र प्रकाश साहू , महिला कांग्रेस अध्यक्ष कविता साहू,पार्षद राजेश दुबे ,अर्जुन देवांगन, रास बिहारी कुर्रे ,भारत भूषण साहू ,सुमित राजपूत, टिकेंद्र परगनिहा ,राजेश चंदेल ,राम सिंह गायकवाड हिरादेव लाल वर्मा, अर्चना देशलहरे, नेहा सुराना नवाज खान ,चंद्र प्रकाश परगनिहा ,चेतन बंजारे , चंद्रशेखर परगनिहा ,पी आर सिन्हा, आशीष परगनिहा, भुवनेश्वरी चतुर्वेदी ,अनिल सेन, हेमराज, जगराखन ,चैतराम साहू ,टिकेश वर्मा ,इंदर चंद जैन, राजू साहू ,मोनल सिन्हा ,उमाशंकर पाटिल, राकेश सोनी ,अजय पांडे, घनश्याम देवांगन , नरोत्तम देशलहरे ,गौरीशंकर शर्मा ,अनिल सेन सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# पांच साल में जिले के 87 पंचायतों ने नहीं कराया ऑडिट, सीईओ ने मांगा ब्यौरा

## विकास के लिए जारी की गई राशि में मनमानी, अब होगा हिसाब, जनपदों से मांगी अनुपयोग राशि भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम पंचायतों को विकास के लिए जारी राशि में जमकर बंदरबांट किए जाने की शिकायत सामने आ रही है। ऐसे जिले में करीब 87 से अधिक ग्राम पंचायतों का जनपद से आडिट ही नही किया गया है। जबकि हर साल विकास कार्य के लिए जारी राशि का आडिट किया जाता हैं। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने जनपदों से ऐसे ग्राम पंचायतों की जानकारी मांगी है, वहीं रिकवरी के निर्देश दिए जाने के बाद खलबली मच गई है।

राज्य शासन द्वारा हर साल ग्राम पंचायतों को गांव के विकास के लिए राशि जारी की जाती है। लेकिन विकास के नाम पर जनप्रतिनिधियों द्वारा जमकर मनमानी की जाती है। यही कारण है कि, एक साथ पांच साल का हिसाब आडिट सहित मांगा गया है। सीईओ ने विगत दिनों जिला पंचायत में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। उन्होने कहा वित्तीय वर्ष 2022-23 में किये गये ऑडिट वित्तीय वर्ष 2022-23 में किये गये ऑडिट अनुसार ग्राम पंचायतों में अनुपयोगी राशि उपलब्ध है, जिसे जिला पंचायत में वापस किया जाना है। जानकारी अनुसार प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद ऐसे अनुपयोगी राशि को वापस भी मांगे गए थे। लेकिन जनपदों से राशि जिला पंचायत को अब तक नही भेजी गई है।

### इन पंचायतों ने पांच साल तक नहीं दी जानकारी

पंचायतों द्वारा वर्ष 2018 से 2023 तक एक भी बार ऑडिट नहीं कराया गया है। जिसमें दुर्ग के आमटी, अरसनारा, भरदा, भोथली, बोरई, चिंगरी, डांडेसरा, ढौर, घुघसीडीह, हनोदा, जेवरा, झोला, खाड़ा, खपरी (कु), खोपली, कोड़िया, कोकड़ी, कोलिहापुरी, कोनारी, मचांदुर, मतवारी, निकुम, पिसेगांव, रसमड़ा, रवेलीडीह, रिससाखुर्द हैं, वही धमधा के 26 गांव में अकोली, बसनी, भरनी, बोरसी, चीचा, चेटुवा, दनिया, दारगांव, देवरी, ढौर, धौराभाठा, ढौर (खे), डोडकी, गिरहोला, हिरेतरा, कंदई, कंडरका, करेली, खैरझीटी, खपरी (सांकरा),कोड़िया, लिमतरा, मोहलाई, मोंहदी, मोहरेंगा, मुरमुंदा, मुर्रा, नंदवाय, नारधा, पगबंधी, परबोड, पेन्ड्रावन, पेन्ड्री (ग), पोटिया (मे), रूहा, सगनी, सेवती, तरकोरी, टेमरी, ठेंगाभाट है। इसी तरह पाटन के 40 गांव में अर्मरीखुर्द, बटरेल, भरर, बोरिद, बोरवाय, धमना, डिडगाभाठा (रानीतरई), जामगांव (आर), खर्रा, कुर्मीगुण्ड्रा, मुड़पार, निपानी, ओदरागहन, पाहंदा (झ), पतोरा, फेकारी, रूही, सांतरा, सोनपुर, सुरपा, तेलीगुण्ड्रा हैं। अब इनसे पांच साल का रिपोर्ट मांगा गया हैं।





### सात दिन के अंदर खराब रिक्शों की मांगी जानकारी

सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं समस्त स्टाफ की समीक्षा की गई। इस दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा, ग्राम पंयाचतों में रिक्शा खराब की जानकारी 7 दिवस के भीतर मांगे है। प्रत्येक गांव में अनिवार्य रूप से यूजर चार्जेस लिये जाने और इसके लिए ग्रामीणो को नारा लेखन, दिवाल लेखन, रैली, फिल्म प्रदर्शन आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायतों में संलग्न स्वच्छाग्राहियों को अंतिम बार कब सुरक्षा एव कार्य सामग्री प्रदाय की गई, इसकी जानकारी मांगी है। समीक्षा में विकास खण्ड वार कितने बर्तन बैंक प्रारंभ किये गये है, विकासखण्ड वार माह जून में 15 से 20 ग्राम पंचायत में बर्तन बैंक की स्थापना करने कहा।

## खबर संक्षेप

### संत कबीर साहेब प्रकटोत्सव सम्मेलन सम्पन्न



दुर्ग। गतवर्ष की भंति इस वर्ष भी समभाव कबीर सेवा समिति के तत्वाधान में सिविल लाइन शितला तालाब धरा धाम समृद्धि बाजार के बाजु स्थित समभाव कबीर कुटी मंदिरए राममंदिर एवं हनुमान मंदिर के प्रांगण में सदगुरु कबीर साहेब का 627 वीं प्रगटोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम मंगलवार को गरिमामय सम्मेलन में महंत विक्रमदास महंत मोहित दासए दिवान बजरंग दास के अलावा संभाग के सभी संतो का गरिमामय उल्लासमय वातावरण में सम्पन्न हुआ । उल्लेखनीय है कि एक दिवसीय मांगलिक कार्यक्रम पंचम वर्ष प्रातः 8 बजे से गुरू महिमा पाठ से प्रारंभ होकर मध्यान सत्संगए प्रवचन के पश्चात सात्विक चौका आरती प्रसाद वितरण एवं सार्वजनिक भंडारा के साथ सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम की सफलता के लिए समिति के अध्यक्ष अजय वर्मा, गोवर्धन प्रसाद जायसवाल, बोधन साहु, मनहरण साहू, दीना सिन्हा, अशोक यादव, विरेन्द्र सिन्हा, रविदास, शैलेन्द्र चौहान एवं राजु सोनी उपस्थित रहे।

### प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी आज

केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी का आयोजन 12 जून को दोपहर 2 बजे अविश एडुकाम अग्रसेन चौक के पास किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग जिले के डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ता, उद्योगपति, व्यापारी, व्यापार एसोसिएशन के सदस्य, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यग, समाज सेवी, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन, समाज प्रमुख, भाजपा जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इस प्रोफेशनल मीट एवं 11 साल बेमिसाल की प्रदर्शनी कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

## लापरवाही : पिकनिक स्पॉट के नाम पर ठगड़ा बांध में 17 करोड़ रूपए दफन

# सत्रह करोड़ खर्च बाद भी बोटिंग का पता नहीं, पर्यटकों का भी मोहभंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ठगडा बांध को प्रदेश का बेस्ट पिकनिक स्पाट बनाने के नाम पर दुर्ग शहरवासियों के साथ बडा मजाक हो गया है। ठगडा बांध में सत्रह करोड रूपए फूंकने के बाद भी यहां पिकनिक स्पाट की किंचित मात्र भी तस्वीर नही उभर रही है। पिकनिक स्पॉट से लेकर जैव विविधता पार्क और नौका विहार जैसी सुविधाएं यहां देने का दावा किया गया था। लेकिन वर्तमान में ठगडा बांध में एक भी बोटिंग संचालित नही है। बांध में जलभराव नही होने का हवाला देकर ठेका एंजेसी ने भी एग्रीमेंट का उल्लेघन कर काम छोड दिया है। जलस्तर बनाए रखने के लिए कोई प्रयास नही किए जाने के कारण यहां एक भी मछली तैरती नही दिख रही है।

ठंगडा बांध के सूखने से वर्तमान में पर्यटको का भी मोहभंग हो गया है। पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा ठंगडा बांध को प्रदेश का नंबर वन पिकनिक स्पाट बनाने का दावा किया गया था। निगम के आंकडों के अनुसार यहां सत्रह करोड रूपए से अधिक की राशि फूंक दी गई। लेकिन वर्तमान में यहां सिर्फ और सिर्फ विरानी के आलावा कुछ भी नही हैं।

शहरवासियों को इस बात की उम्मीद थी कि, दुर्ग को भिलाई स्टील प्लांट के बाद ठंगडा बांध में पिकनिक स्पाट के नाम पर जाना जाएगा। लेकिन वर्तमान में यह बदनामी से कम प्रचारित नही हो रहा है। हालात यह है कि, बांध के गेट के सामने एक भी कर्मचारी नही है।

### करोड़ों रूपए खर्च के बाद छाई है विरानी, एजेंसी का भी पता नहीं




### बीस साल की लीज पर दिया गया

कांग्रेस सत्ता में बने ठंगडा बांध के संचालन के लिए एक निजी एंजेसी को बीस साल के लिए दिया गया था। लेकिन वर्तमान में एंजेसी का भी पता नही है। शुरूआत में यहां गेट के पास सुरक्षा कर्मी भी थे, लेकिन वर्तमान में एक भी कर्मी नही है। हालात यह हे कि, स्थिति खंडहर से कम नही हैं। यहां बच्चों के लिए मनोरंजन स्पाट भी बनाया गया था। लेकिन यह भी खंडहर होते दिख रही हैं। बांध की स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि, एंजेसी का भी संचालन से मोहभंग हो गया है।

### बीचों बीच बनना था रेस्टोरेंट

ठगडा बांध के बीचो बीच आईलैंड बनाया गया था, वही इसी जगह रेस्टोरेंट बनाने की भी प्लानिंग थी। लेकिन लोगों की यहां मौजूदगी नही दिखने के कारण ये सब बेकार साबित होने लगे है। बांध में किनारे में गेम जोन बनाया गया था, शुरूआत में बच्चों सहित परिवार पहुंच रहे थे, लेकिन वर्तमान में इसका रखरखाव नही होने से गेम जोन जल्द ही कबाड होने की स्थिति में है। यहीं नहीं बांध में सबसे बडी खूबी मरीज ड्राइव की तरह बोटिंग का प्लान था, लेकिन यहां वर्तमान में पानी नही होने के कारण बोटिंग को किनारे लगा दिया गया है।

### वर्तमान सरकार की भी रूचि नहीं

पिछले चार अक्टूबर 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका वर्चुअल लोकार्पण किया था। ठगड़ा बांध जब पिकनिक स्पॉट बना तो बड़ी संख्या में लोग यहां आने लगे थे। परिवार के साथ पर्यटक यहां क्वालिटी टाइम स्पेंड करते नजर भी आए थे। बीते कुछ सालों में ठगड़ा बांध की सुध शासन और प्रशासन ने नहीं ली, वही निगम में बैठी भाजपा की सरकार ने भी करोडों की इस योजना को लेकर गंभीरता नही दिखाई है। नतीजा ये हुआ कि, ठगड़ा बांध की सुंदरता अब कबाड़ में तब्दील होते जा रही है। कभी पर्यटकों की भीड़ से गुलजार रहने वाला ठगड़ा बांध आज सन्नाटे में गुम है।

### जलभराव को लेकर विवाद

ऐसी जानकारी मिली हैं कि, ठंगडा बांध को लेकर ठेका एंजेसी ने निगम से बांध भरने की मांग की थी, ताकि बोटिंग यहां हो सके। लेकिन नगरनिगम ने जल संसाधन से बांध को भरने रूचि नही दिखाई। गर्मी के दौरान यह बात भी समाने आई कि, बांध के पानी को कुछ लोग खाली करने भी जूटे रहे। बकायदा मोटर पंप भी लगाए गए थे। जिसकी जल संसाधन विभाग से शिकायत भी की गई थी। इस तरह खिंचतान के चलते जलभराव नही हो सका और शहरवासियों को सिर्फ मायूसी हाथ लगी है।

### मामूली राशि में दिया गया था ठेका

नगरनिगम द्वारा ठंगडा बांध में सत्रह करोड रूपए खर्च किया गया था। लेकिन इसे एमआईसी से पारित कराकर बेहद कम दर भी ठेका कंपनी को बीस साल के संचालन के लिए दिया गया था। जिसे लेकर उस दौरान भाजपा के पार्षदों ने जमकर विरोध किया था। सूत्रों ने बताया कि, सत्रह करोड खर्च करने के बाद इससे नगरनिगम को फूटी कौडी भी राजस्व नही मिला है। बांध बनने के बाद राजस्व बढाने भी निगम प्रशासन ने कोई प्रयास नही किया।

### समीक्षा करेंगे

ठगडा बांध की पहले समीक्षा की जाएगी। हमारी सत्ता को बैठे महज पांच माह ही हुए हैं। खैर हम पूरी तरह से गंभीर हैं। बारिश के बाद इस पर कार्ययोजना तैयार करेंगे। **-लीना दिनेश देवांगन,** प्रभारी जल विभाग नगरनिगम

### सत्तापक्ष गंभीर नहीं

कांग्रेस सरकार ने ठगड़ा बांध को एक खूबसूरत टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने का सपना देखा और उसे साकार भी किया। लेकिन भाजपा सरकार के आने के बाद इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। वर्तमान में जो स्थिति है, उसका जिम्मेदार सत्तापक्ष है। **-संजय कोहिले,** नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस

# शंकर नगर में 43 लाख की लागत से होगा नाला निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 10 शंकर नगर निर्माणधीन नाले का निरीक्षण करने महापौर अलका बाघमार पहुँची। उन्होने ठेकेदार को सक्त हिदायत देते हुए कहा कि, गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नही किया जाएगा। निर्धारित मापदंड के तहत निर्माण करने कहा है।


■ महापौर ने कहा गुणवत्ता समझौता बर्दाश्त नहीं

महापौर अलका बाघमार द्वारा बाज़र एवं राजस्व प्रभारी व पार्षद शेखर चन्द्राकर एवं टीम सहित वार्ड नागरिको के साथ शंकर नगर सुभाष स्कूल के पीछे से लेकर गजानंद मंदिर चौक तक 43 लाख की लागत से निर्मित की जा रही है। जिसे लेकर नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। शंकर नगर क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी नही होने के कारण महापौर व राजस्व प्रभारी चन्द्राकर के निर्देश पर निर्मित नाला निर्माण का बहाव अन्य नाला की तरफ जोड़ा गया है। ताकि बारिश के बहते पानी का बहाव बेहतर हो सके। कार्य के दौरान गुणवत्ता एवं पानी के समुचित बहाव हेतु नाली के स्लोप मेंनटेन पर विशेष ध्यान देने कहा गया है। उन्होने ठेकेदार को निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री एवं काम में लगी मशीनों के कारण सड़क पर आवागमन बाधित न हों, इस हेतु निर्माण सामग्री व मशीनों को सड़क के किनारे व्यवस्थित रूप से रखें।

### समयसीमा के अंदर हो निर्माण कार्य

इस समय उन्होने नाला निर्माण कार्य का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि नाला निर्माण हो जाने के पश्चात पानी का बहाव निर्वाध रूप से हो, इस हेतु स्लोप मेंनटेन करते हुए कार्य को संपादित कराएं। निर्माण कार्य को तय सीमा के अंदर किये जाने के सख्त निर्देश दिए।

# नीता चौरसिया व विभा मिश्रा बनी सपोर्ट पर्सन



दुर्ग। राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार एवं क्रियान्वयन के लिए दुर्ग जिले में सपोर्ट पर्सन का चयन योग्य एवं अनुभवी व्यक्ति एवं संस्था आवेदकों के साक्षात्कार व जिलाधीश के अनुमोदन के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग द्वारा वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों की प्रमुख भारत स्काउट एंड गाइड की पूर्व जिला संगठन आयुक्त भाजपा नेत्री नीता चौरसिया एवं वरिष्ठ एडवोकेट दुर्ग बार काउंसिल की सदस्य एडवोकेट विभा मिश्रा को पीड़ित एवं संकटग्रस्त जरूरतमंद बालकों को संरक्षण विधिक संरक्षण मनोवैज्ञानिक, यौन शोषण के शिकार बच्चों की सहायता के लिए सपोर्ट पर्सन सहायक व्यक्ति प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल हैरेसमेंट पास्को एक्ट अधिनियम धारा 39 के प्रावधान के तहत इन सदस्यों की नियुक्ति की गई है। संस्था की सचिव श्रीमती डॉ.निर्मला गुप्ता ने बताया यह सदस्य सपोर्ट पर्सन की भूमिका के रूप में यौन हिंसा के पीड़ित बच्चों को भावनात्मक मनोवैज्ञानिक और कानूनी सहायता प्रदान करेगा यह भूमिका बेहद संवेदनशील होगी। सपोर्ट पर्सन सुश्री नेता चौरसिया एवं श्रीमती एडवोकेट विभा मिश्रा को 3 वर्ष के लिए नियुक्त किए जाने पर दुर्ग जिले की विभिन्न सामाजिक संगठन धार्मिक संगठन राजनीतिक संगठनों द्वारा उन्हें बधाई दी गई है।

# भारत के समक्ष चुनौतियां पर व्याख्यान देंगे पुष्पेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारत विकास परिषद दुर्ग इकाई द्वारा 14 जून 2025 को सायं 5 बजे से रोमन पार्क में एक विशेष राष्ट्रचिंतन व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देश के प्रख्यात राष्ट्रवादी चिंतक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ होगें। जो वर्तमान भारत के समक्ष चुनौतियाँ एवं समाधानः एक राष्ट्रवादी दृष्टिकोण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। भारत विकास परिषद दुर्ग ईकाई के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता में बताया कि, पांच साल पहले पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ का कार्यक्रम दुर्ग के जलाराम में हुआ था, जिसके बाद वे दूसरी बार 14 जून को पुलगांव के रोमन पार्क कार्यक्रम में आएंगे। अध्यक्ष सुरेश कोठारी ने बताया कि, आज का भारत एक निर्णायक दौर से गुजर रहा है।

# 21 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

दुर्ग। खेलगांव खम्हरिया में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में एथलेटिक्स एवं खो-खो खेल का प्रशिक्षण दिया गया। पीटीआई बालकदास डहरे (पीटीआई सेजस फरीदनगर भिलाई), बी. आर .साहू अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स खिलाड़ी एवं कमलेश्वरी (बीपीएड) ने 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी बच्चों को प्रशिक्षण दिया।इस प्रशिक्षण शिविर में



खेलगांव खम्हरिया के अलावा पुरई, हनोदा, धनोरा, बोरसी के कुल 55 बालक बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया एडवोकेट जिला न्यायालय दुर्ग दुलारी देशलहरा, अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत चंद्रशेखर बंजारे , विशेष अतिथि उपसरपंच खम्हरिया टीकाराम साहू एवं पंच अनिकेत देशलहरे थे।अतिथियों ने प्रशिक्षण में भाग लिए खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स देवघर ठाकुर, समाजसेवी उमेश वाजपेयी, संजय साहू, दुष्यंत कुमार साहू, मोना साहू का योगदान रहा। पूरे प्रशिक्षण शिविर में लोकनाथ साहू, बालकदास डहरे द्वारा गुड़ एवं चना की व्यवस्था खिलाड़ी बच्चों के लिए किया गया था। खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग की ओर से खेल सामग्री भी प्रदान किया गया।

## डीएपी खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने भाजपा को घेरा

# धान खरीदी से बचने किसानों को बांट रहे एनपीके खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर बुधवार को फुंडा व मर्रा सोसायटी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे, जहां किसानों को खेती कार्य के लिए बांटे जा रहे खाद व बीज की जानकारी लिया गया।

■ विकल्प के तौर पर दे रहे एनपीके खाद

कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर को कहा अंतराष्ट्रीय बाजार में शॉर्टेज की वजह से किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध नही करा पा रहे है। राकेश ठाकुर ने कहा कि, डीएपी खाद के स्थान पर किसानों को एनपीके खाद पकड़ाया जा रहा है। वहीं अधिकतर सोसायटी में किसानों को बीज तक नही मिल पा रहा है तो कुछ सोसायटी में केवल सरना धान ही उपलब्ध है वो भी काफी देरी से सोसायटी तक पहुंचा। जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर ने जब किसानों को बांटे जा रहे खाद देखा तो आश्चर्य में रह गए क्योकि जो खाद धान फसल के लिए बांटा जा रहा है वो खाद धान फसल के लिए है ही नही। श्री ठाकुर ने बताया कि, बांटे जा रहे खाद एनपीके में स्पष्ट रूप से लिखा है कि यह खाद गन्ना, लहसुन, प्याज, चाय, मूंगफली, सरसो, नारियल, तिल, सोयाबीन इत्यादि के लिए है, एनपीके खाद धान की खेती के लिए है ही नही। जिसे भाजपा सरकार किसानों को जबरदस्ती पकड़ा रही है। भाजपा चाहती है कि, किसानों की धान का पैदावार कम हो ताकि किसानों का धान 21 क्विंटल खरीदना न पड़े। निरीक्षण के दौरान युवा कांग्रेस जिला महासचिव अमृत सिंह राजपूत, वेदप्रकाश पाटिल, पालेश्वर ठाकुर, हितेश निर्मलकर सहित किसान मौजूद थे।



### कहा यह खाद अन्य फसल के लिए

श्री ठाकुर ने कहा कि किसानों का धान का फसल कम पैदावार हो सोच कर भाजपा सरकार किसानो के साथ धोखा कर रहा है, पूरा षड्यंत्र 21 क्विंटल धान खरीदी से बचने के लिए है। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने एनपीके खाद के बैग की तश्वीर भी जारी किया है, जिसमे उक्त खाद किसी अन्य फसल के लिए होना उल्लेख है।

### एनपीके खाद में डीएपी के अपेक्षा कम उत्पादन

काँग्रेस जिलाध्यक्ष एवं किसान नेता राकेश ठाकुर ने खाद से संबंधित जानकारी साझा करते हुवे कहा कि, धान की फसल को सबसे ज्यादा फास्फोरस की आवश्यकता होती है, चूंकि की किसानों का पसंदीदा खाद डीएपी है। जिसमें फास्फोरस की मात्रा 46 प्रतिशत होती थी, फास्फोरस की मात्रा सिर्फ 20 प्रतिशत है। किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर एनपीके खाद बांटे जाने से किसानों को धान की पैदावार में 30 प्रतिशत तक कम पैदावार होगा, जो किसानों के लिए बहुत बड़ा नुकसान है।

### साढ़ू निकला चोर, 6 लाख रुपए का सामान किया जब्त

भिलाई। मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात को पार करने वाला आरोपी पीड़ित का साढू भाई निकला है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर व सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि रामनगर थाना वैशाली नगर निवासी दुर्गेश महानंद ने पुलिस में शिकायत किया था। चाचा टिकरू महानंद अपने परिवार के साथ उड़िसा 8 जून को गए हुए थे। 10 जून को पीड़ित के चाचा का बेटा कॉल कर बताया कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। मकान में जाकर देखने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान से नगदी 11 हजार रुपए, सोना चांदी के जेवरात गायब मिले। खोजबीन करने पर पुलिस ने एक व्यक्ति सोने चांदी के जेवरात को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया।



## खबर संक्षेप

### ज्योति कलश राशि 14 से जमा से होगी

**डोंगरगढ़।** आगामी क्वांर नवरात्रि पर्व में जो भक्त उपर मंदिर में ज्योति कलश स्थापित कराना चाहते हैं वह विषेश व्यवस्था के तहत 14 जून से राशि जमा करा सकते है। ज्योति राषि ट्रस्ट के कार्यालय में 14 जून से उपर मंदिर के लिए 11 सौ रूपए नगद, बैंक ड्राप्ट या मनीआर्डर के माध्यम से जमा किया जा सकता है। साथ ही प्रतिदिन होने वाले माता के अभिषेक श्रृंगार हेतू उपर मंदिर या नीचे मंदिर में 500 रूपए जमा कराया जा सकता है। अन्य विशेष अवसरों पर माता की पूजा के लिए 250 रूपए निर्धारित है।

### बिना अनुमति की कटाई पर कार्रवाई नहीं

**डोंगरगढ़।** वनांचल में अवैध उत्खनन के साथ अवैध कटाई धडल्ले से किया जा रहा है। सालों से पदस्थ कर्मचारियों की सांठगांठ से बिना परमिशन के कूप की कटाई कर इमारती लकड़ी एवं बांस की निकासी की जा रही है। बिना चलान कटे फर्जी हैम्बर लगाकर जंगल से बांस और लकड़ी निकलने की जानकारी परिक्षेत्र अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी को भी है। कार्रवाई नहीं होने के बाद मामले की शिकायत डीएफओ, सीएफ के अलावा प्रधानमंत्री कार्यालय से की गई है। शिकायत के बाद अधिकारी कार्यवाही करना तो दूर जांच करने से भी परहेज कर रहे हैं। अवैध कूप कटाई का मामला सामने आने के बाद डीएफओ आयुष जैन ने जांच करने की बात कही थी किन्तु अब तक पहल नहीं हुई है।

### स्कूल मैदान में अतिक्रमण

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार में अतिक्रमण बढ़ते जा रहा है। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा कर अवैध कब्जा करने से लोग बाज नहीं आ रहे हैं। जानकारी अनुसार वार्ड 2 की पूर्व माध्यमिक शाला के मैदान को हाल ही में खंभा और तार लगाकर घेरा किया गया था। बीते दिवस गांव के कतिपय लोगों द्वारा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हुए आधा दर्जन से अधिक खंभों को गिरा दिया तथा मैदान में मिट्टी, गिट्टी, रेत डम्प कर रखा है। वार्ड के ग्रामीणों ने इस आशय की जानकारी पंचायत एवं प्रधान पाठक को दिया है पर अब तक इस मामले में कारवाई नहीं हुई है।छात्रों के खेलने, सायकल रखने तथा अन्य आयोजन के लिए एक मैदान है जहां अतिक्रमण होने से छात्रों की समस्या बढ़ जायेगी। ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने तथा खंभा को नुकसान पहुंचाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

### योग शिविर 17 से

**सड़क अतरिया।** आयुष विभाग के निर्देशन में आयुर्वेद औषधालय सड़क अतरिया में आगामी 17 से 21 जून तक योग शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह 6 से 7 बजे चलेगा। शिविर में विभिन्न प्राणायाम करने के तरीके एवं फायदा बताया जाएगा। अंतिम दिवस औषधियुक्त काढ़ा वितरित किया जाएगा। आयोजक ने ग्रामीणों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### सामाजिक बैठक 15 को

**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ गडरिया ढेंगर समाज की बैठक 15 जून को दोपहर 12 बजे से ढाबा में आयोजित की गई है। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार पर चर्चा किया जाएगा।

# सोसाइटियों के धान बीज में भारी मात्रा मुंडा करगा मिलने से किसान हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बीज की खराब क्वालिटी को लेकर किसान परेशान हैं। खंडसरा क्षेत्र ग्राम मोहतरा एक किसान के बीज में मुंडा करगा की मात्रा काफी अधिक निकली। किसान ने उसकी जगह दूसरा बीज की व्यवस्था की और थरहा के लिए धान का छिड़काव किया।


अन्य कई स्थानों पर भी बीज को लेकर शिकायत आ रही है। खरीफ सीजन के लिए खेती का दौर शुरू हो गया है। किसान तैयारी कर खेतों में थरहा, लाइचोपी और बोयता पद्धति से धान की बुआई कर रहे हैं। अधिकांश किसानों ने सोसाइटी से बीज की खरीदी की है। सोसाइटी में सरना, एमटीयू 1010, एमटीयू 1001, देशी सांभा जैसे बीज उपलब्ध हैं। विडंबना यह है कि इसमें से अधिकांश बीज की क्वालिटी खराब है। किसानों ने बताया कि सबसे ज्यादा सरना बीज की क्वालिटी खराब है। बीज के पैकेट में शुद्धता 99 प्रतिशत अंकित है। किसानों ने बताया कि वास्तव में इस बीज में करगा काफी मात्रा में है। किसान ने बताया कि उन्होंने सोसाइटी से जो बीज लिया था।

पैकेट वाला बीज होने के कारण बिना कुछ देखे सीधे पानी में डूबा दिया। दूसरे दिन जब उसने थरहा छिड़कने के लिए पैकेट खोला तो उसमें काफी मात्रा में करगा दिखाई दिया। मजबूरी में तत्काल ही दूसरे बीज की व्यवस्था कर थरहा डाला। उसने बताया कि 30 किग्रा वाला 5 पैकेट बीज लिया था। प्रति किलोग्राम 30 रुपए के हिसाब से बीज खरीदा था। बीज की क्वालिटी खराब होने के कारण काफी नुकसान हुआ है।

## निगम से हो रही सप्लाई की क्वालिटी पर प्रश्नचिन्ह

### क्या है करगा

करगा वास्तव में धान का ही एक प्रकार है जिसका रंग काला होता है। बालियों में लंबा कांटा भी होता है जिसे स्थानीय भाषा में सूंगा कहते हैं। किसान ने बताया कि करगा धान की बालियों से पहले पक जाता है और खेत में झड़ जाता है। इससे खेत भी खराब होता है। करगा आसानी से सड़ता नहीं है, जिसके चलते कई साल तक यह धान के साथ खेतों में उगता रहता है। करगा से धान की क्वालिटी खराब होती है। मंडी में बेचने में करगा वाले धान की कीमत कम मिलती है। किसान करगा को खरपतवार मानते हैं।



### करगा मिश्रित धान बीज का वितरण रोका जाएः जनार्दन

खंडसरा क्षेत्र के ग्राम मोहतरा( ख) के वरिष्ठ कृषक टी आर जनार्दन ने करगा मिश्रित धान बीज के वितरण पर रोक लगाने की मांग की है, उन्होंने बताया कि सेवा सहकारी समिति के माध्यम से करेगा मिश्रण बीज का वितरण किया जा रहा है इस बात की शिकायत किसानों के द्वारा की जा रही है पर कृषि विभाग के अधिकारी जांच करना भी मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। प्रायः ऐसे बीच का वितरण खांडसारा क्षेत्र से लेकर ग्राम पदमी लोलेसरा, गर्रा ,अतरिया, बीजभाट, जिया ,कैंवांची सही पूरे क्षेत्र में हो रहा है । धान बोआई चालू हो चुकी है जिसके चलते किसानों को बीज लेना मजबूरी है ।उन्होंने यह बताया कि सेवा सहकारी समितियां में डीएपी राखड़, पोटाश खाद उपलब्ध नहीं है ओर स्थानीय बाजार में अमानक खाद की बिक्री किया जा रहा है इसका एकमात्र कारण सहकारी समितियों में खाद नहीं है ,कृषि विभाग को इसकी गुणवत्ता की जांच की जानी चाहिए किंतु कृषि विभाग मौन और गहरी निंद्रा में सोया हुआ है ओर इधर किसान परेशान है ऐसे में सुशासन कैसे आएगा ।

## उपलब्धि : 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मेहनत की जा रही

# प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल देश के नागरिकों के सपनों का बना है प्रतिबिंब : सांसद चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल की उपलब्धि को लेकर महासमुंद के सांसद रूप कुमारी चौधरी ने जिला मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता ली ओर उन्होंने मोदी सरकार के 11 वर्षों में किए गए कार्यों का लेखा जोखा रखा। उन्होंने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है यह महज नारा नहीं बल्कि एक जमीनी सच्चाई है उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक के सपनों का प्रतिबिंब है सन 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मेहनत किया जा रहा है जिसमें आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं के लिए युवाओं किसानों के लिए कार्य किया जा रहे हैं उन्होंने बताया सिंदूर अभियान सशक्त और निर्भीक भारत होने का एक पहचान है देश के विकास के लिए आर्थिक रूप से मजबूत बनाने एवं 23600 करोड रुपए रक्षा क्षेत्र के लिए के लिए राशि पहुंच गया है छत्तीसगढ़ के मामले में नक्सली क्षेत्र बस्तर अब मुक्त होने वाला है देश के 96 जिले में नक्सली चपेट में था अब वहां 70% की कमी आ गई है।

- देश के 96 जिले में नक्सली वारदात में 70 प्रतिशत कमी आ गई

### विकास का दर चौथे स्थान पर

विकास दर 11वीं स्थान से ऊपर होकर चौथे स्थान पर पहुंच गया है डिजिटल के क्षेत्र में 40% लोग अब डिजिटल का उपयोग कर रहे हैं धन जन योजना के तहत 55 करोड़ से अधिक खाता खोले गए हैं प्रधानमंत्री आवास में 4 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिया गया है शौचालय बनने के बाद अब लोग स्वच्छता की प्रति जागरूक होने लगे हैं 7.5 लाख तक टैक्स में भी फ्री कर दिया गया है चेनाब ब्रिज विश्व का सबसे ब्रिज का उद्घाटन भी नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया है बिना गांव के विकास की बात नहीं कर सकते इसलिए अब 99% गांव भी कनेक्टिविटी में जुड़ गए हैं कोरोना के समय भी भारत में कोई इंसान भूखा नहीं मारा क्योंकि सबको 5 किलो अनाज मुक्त में दिया जा रहा था वैक्सीन भी न केवल भारतीयो को दिया गया है बल्कि विदेशों में भी इसे आपूर्ति की गई है देश में कृषि के लिए 112 बड़ी परियोजनाएं राज्यों में चल रही है संस्कृत के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम हुआ है नारी वंदना की भी उन्होंने चर्चा करते हुए कहा कि अब 33% विधानसभा लोकसभा में आरक्षण दिया गया है महिलाओं को सक्षम बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है ऑपरेशन सिंदूर का भी प्रभार महिलाओं को दिया गया था महासमुंद के सांसद रूप कुमारी चौधरी ने बताया कि 3 लाख लखपति दीदी बनाकर महिलाओं को सशक्त किया गया है।




### अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही

गर्भवती महिलाओं स्तन पान करने वाले माताओं के लिए भी राशि बढ़ा दी गई है सांसद चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार देश की राजनीति में पॉलिटिक्स ऑफ़ परफॉर्मेंस लेकर आई है। मोदी जी के नेतृत्व में अब सरकार का मतलब रेस्पॉन्सिव गवर्नमेंट, रिस्पांसिबल गवर्नमेंट, अकाउंटेबल गवर्नमेंट, रिफॉर्म परफॉर्म & ट्रांसफॉर्म गवर्नमेंट, पब्लिक पार्टिसिपेशन वाली सरकार है।2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी, लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं।

### 27 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर

पहले सरकारी योजनाओं के पैसे लोगों तक नहीं पहुँचते थे, बिचौलिये खा जाते थे लेकिन डायरेक्ट बेनिफिट के माध्यम से सीधे जनता के अकाउंट में पैसे पहुँच रहे हैं।पहले इलाज के लिए सोचना पड़ता था अब आयुष्मान भारत योजना से अस्पतालों में मुफ्त इलाज होता है।पहले हम इंपोर्ट पर आश्रित थे, आज मेक इन इंडिया की ताकत से एक्सपोर्ट में लीड कर रहे हैं। रक्षा क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर बन रहा है, आज भारत /"मेड इन इंडिया, पाकिस्तान में टेस्टेड और दुनिया में ट्रस्टेड बन गया है।कांग्रेस के राज में इंदिरा से लेकर मनमोहन तक सिर्फ गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते थे, लेकिन अब आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार में 27 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं।इन 11 सालों में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक खत्म करना, जीएसटी लागु करना, वक्फ बिल जैसे सख्त निर्णय लिए गये है। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहु साजा विधायक ईश्वर साहु जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, जिला भाजपा अध्यक्ष सहित पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा,ओम प्रकाश शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा संध्या परगनिहा, प्रज्ञा निर्वाणी नीतु कोठरी ललिता साहु ,हर्षवर्धन तिवारी ,नरेंद्र वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे ।

# जलसंकट से निपटने के लिए सतत प्रयास करना है जरूरी : अग्रवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के निदेशक अमित कुमार अग्रवाल तीन दिवसीय दौरे पर गुरुवार बेमेतरा पहुंचे। उनके साथ जल शक्ति अभियान से जुड़े वैज्ञानिक सर्वोदय बारीक भी उपस्थित रहे। दौरे के पहले दिन श्री अग्रवाल ने जल शक्ति अभियान के अंतर्गत जिला जल शक्ति केंद्र में अंतरविभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक का शुभारंभ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। विभिन्न विभागों द्वारा जल संरक्षण एवं भूजल स्तर सुधार हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई।

- जल शक्ति अभियान के अंतर्गत अंतरविभागीय समीक्षा बैठक हुई

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता चंद्रशेखर शिवहरे ने छोटे-बड़े जलाशयों, चेक डैम, कुओं और अन्य संरचनाओं की विस्तृत जानकारी दी।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (PHE) के श्री गौड़ ने शुद्ध पेयजल और वर्षा जल संचयन कार्यों की जानकारी साझा की। नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि नये प्राइवेट निर्माणों में वर्षा जल संचयन प्रणाली अनिवार्य की जा रही है। कृषि उप संचालक मोरध्वज डड़सेना ने बताया कि पिछले वर्ष औसत से कम वर्षा हुई, जिससे जल संकट उत्पन्न हुआ है। किसानों को कम पानी वाली फसलें जैसे गेहूं, चना, दलहन-तिलहन अपनाने प्रेरित किया गया है। इस दौरान संरेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य किया जाएः चालक अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि जल संकट एक दिन की समस्या नहीं है इसे हल करने सतत प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता ही समाधान है अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें, जागरूकता अभियान चलाएं। हर शासकीय कार्यालय, पंचायत भवन व आवासीय निर्माणों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य किया जाए। वृक्षारोपण एक आवश्यक पूरक है। जल संरक्षण के साथ बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण हो। उन्होंने कहा कि किसानों को माइक्रो-इरिगेशन प्रणाली अपनाने व जल प्रबंधन में प्रशिक्षित करें। श्री अग्रवाल ने विद्यालयों, कॉलेजों, संस्थाओं में जल जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर बल दिया उन्होंने इस वर्ष की थीम "जल संचय, जन भागीदारी : जन जागरूकता की ओर" को दोहराते हुए कहा कि यह केवल प्रशासनिक नहीं, जनांदोलन का विषय बनना चाहिए।

# मोतियाबिंद व दृष्टिहीनता मुक्त जिला होने के दावे का सत्यापन



**बेमेतरा।** राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त राज्य के तहत जिला बेमेतरा द्वारा प्रस्तुत मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त जिला होने के दावे के सत्यापन किया । जिले के नेत्र सहायक अधिकारी की मौजूदगी में राज्य से गठित दल डॉ. एन.सी.लांगे नेत्र रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय राजनांदगांव सहित 4बनेत्र सहायक अधिकारी जिले के विकासखण्ड में भ्रमण कर बैकलॉक 2023-24 मोतियाबिंद ऑपरेशन हुए मरीजों की जांच सत्यापन किया गया। मोतियाबिंद ऑपरेशन हुए मरीज का सत्यापन के लिए 04 दल का गठन किया गया। दल क्रमांक 01 खण्डसरा, दल क्रमांक 02 नवागढ़, दल क्रमांक 03 साजा एवं दल क्रमांक 04 बेरला विकासखण्डों में भ्रमण कर विकासखण्ड खण्डसरा में 07 ग्राम 13 मरीज, विकासखण्ड नवागढ़ में 05 ग्राम 11 मरीज, विकासखण्ड साजा में 13 ग्राम 24 मरीज एवं विकासखण्ड बेरला में 06 ग्राम 11 मरीज कुल 31 ग्राम का सत्यापन किया गया, जिसमें 59 मोतियाबिंद ऑपरेशन हुए मरीजों का राज्य से गठित नेत्र दल जांच टीम द्वारा जांच किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक नोडल अधिकारी (अंधत्व नियंत्रण) विजय कुमार देवांगन, विनोद कुमार बघेल, विनोद कुमार साहू, ओंकार चन्द्राकर, लवकुश पटेल, मुकेश टंडन, योगेन्द्र भार्गव, गुलाब चंद सिन्हा, अजीत कुमार कुर्रे नेत्र सहायक अधिकारी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं मितानिनों का विशेष सहयोग रहा।

# मिडिल स्कूल भोथीडीह में समर कैंप का हुआ आयोजन

**बेमेतरा।** शास. पूर्व माध्य. शाला भोथीडीह में समर कैंप का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें बच्चों को चित्रकला, नृत्यकला, ग्राफ की सहायता से मानचित्र बनाना, लेखनी सुधार ,कविता,कहानी लेखन, समाचार वाचन करना सीखाया गया । ग्राम भोथीडीह के लोककलाकार गीतकार व गायक ललित जानसन ने विद्यालय के बच्चों को छत्तीसगढ़ी लोकगाथा,लोकगीत तथा छत्तीसगढ़ी वाद्य यंत्रों के बारे में विस्तार से समझाया व यह भी बताया कि लोकसंगीत के क्षेत्र में भी हम अपना भविष्य बना सकते हैं । प्रति दिवस बच्चों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी विद्यालय द्वारा किया गया। गांव के सरपंच ने कहा कि इस तरह का आयोजन भविष्य में भी होता रहे इसके लिए ग्राम पंचायत भविष्य में भौतिक संसाधनों की व्यवस्था भी करेगा। पांच दिवसीय समर कैंप के समापन अवसर पर गांव के सरपंच चंद्रिका मानकचंद,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुमदास जोशी, उपसरपंच मोहन,पंच पिंकू मांडले व प्रभारी शिक्षक अमीन कुमार बंजारे उपस्थित रहे ।



# मानसिक रोग की समस्याओं के लिए टेलीमानस हेल्पलाइन नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग ने मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाने एवं ज़रूरतमंदों को सहज सहायता उपलब्ध कराने स्वास्थ्य विभाग द्वारा टेलीमानस हेल्पलाइन नंबर 14416 का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह हेल्पलाइन निःशुल्क, गोपनीय एवं 24म7 उपलब्ध है। आज के समय में अनिद्रा, अकेलापन, चिंता, अवसाद, परीक्षा का तनाव, नशे की आदत जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन्हें नज़र अंदाज़ करना गंभीर परिणाम ला सकता है।

ऐसे में टेलीमानस सेवा के माध्यम से व्यक्ति प्रशिक्षित काउंसलर, मनोचिकित्सक एवं मनोवैज्ञानिक से सीधे बात कर सकते हैं। टेलीमानस 14416 हेल्पलाइन पर कॉल कर आम नागरिक बिना किसी झिझक के विशेषज्ञों से परामर्श ले सकते हैं। यह सेवा विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं नशामुक्ति की चाह रखने वाले व्यक्तियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत ध्रुव, सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू ने आमजन से अपील की है कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संकोच न करें और किसी भी प्रकार की मानसिक परेशानी की स्थिति में टेलीमानस 14416 पर कॉल कर सहायता प्राप्त करें,इसके साथ स्पर्श क्लीनिक कक्ष क्रमांक 25 B जिला अस्पताल बेमेतरा में ओपीडी समय पर सीधे भी संपर्क किया जा सकता है। साथ ही इस जानकारी को अपने परिवार, मित्रों और समुदाय के लोगों तक पहुंचाएं। स्वस्थ मन, सुखी जीवन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।






# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस की जागरुकता शिविर में दी कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन मे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा निधि शर्मा के निर्देशन में पुलिस विभाग, जिला बाल संरक्षण विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम पदाधिकारी विभाग, आदिवासी विकास विभाग, पुलिस इकाई विभाग, चाईल्ड हेल्प लाईन विभाग, लीगल एड डिफेंस कौंसिल विभाग की मौजूदगी पर बाल श्रम निषेध दिवस पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण में सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर बाल श्रम रोकने के संबंध में शपथ लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किये जिससे बाल श्रम के कारण कोई भी बच्चा विकलांग व शिक्षा से वंचित ना हो, यदि कोई बालश्रम कराता है तो उस व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किया जावेगा। बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के अधिकार मित्रों के द्वारा ग्राम-कोबिया (नट बस्ती), मैदा मिल मटका, सुखवानी गुड़ फैक्ट्री चोरभट्टी, बायपास रोड चोरभट्टी मार्ग व राइस मिल गुनरबोड बेमेतरा में विधिक जागरूक्ता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में अधिकार मित्रों ने उपस्थित लोगों को बताया की 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को काम करवाना कानूनी अपराध है, इस उम्र में बच्चे को पढ़ाई हेतु स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करना चाहिए. बाल श्रम का मुख्य कारण है गरीबी, जिसके कारण बच्चों से बाल मजदूरी करायी जाती है, इसी बाल श्रम को रोकने और खत्म करने के लिए 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का प्रारंभ सन् 2002 में 14 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों को बाल मजदूरी से निकाल कर शिक्षा दिलाने का उद्देश्य है।

बाल श्रम से बच्चों का शोषण न हो बाल श्रम का एक रूप भिक्षावृत्ति जैसी समस्या को रोकने हेतु प्रोत्साहित किया गया। बच्चे ही देश का भविष्य है अतः हमें बाल श्रम को रोकने के प्रति लोगो को जागरूक कराने की आवश्यकता है। साथ ही नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित नियमों की जानकारी एवं कानूनी संदेश दिया गया है। इसके अलावा तालुका विधिक सेवा समिति साजा के ग्राम परपोडी में बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, साथ ही लीगल एड क्लीनिक कुसमी एवं प्रतापपुर के अधिकार मित्र द्वारा ग्राम कुसमी एवं छिरहा व प्रतापपुर मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ।



